## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–23.03.2025 (सुबह 08:30 बजे)

### मुख्य समाचार

1. पश्चिमी सिंहभूम जिले के मरांगपोंगा के पास आइइडी ब्लास्ट में जख्मी सीआरपीएफ के सब इंस्पेक्टर सुनील कुमार मंडल शहीद, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने जताया दुख।
2. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा– परिसीमन को सिर्फ जनसंख्या के आधार पर सीमित करना निष्पक्ष और न्यायसंगत कार्य नहीं।
3. पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने विधायकों की शिकायत पर नल जल योजना में गड़बड़ी की जांच का दिया भरोसा, कहा– अनियमितता पायी गयी तो होगी कार्रवाई।
4. आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने सभी उपायुक्तों से अतिवृष्टि, ओलावृष्टि और वज्रपात से हुई क्षति की अधियाचना दो दिनों के भीतर भेजने का दिया निर्देश।
5. रांची के जेएससीए स्टेडियम में 30 नवंबर को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेला जायेगा एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच।

********************

पश्चिमी सिंहभूम जिले के छोटानागरा थानान्तर्गत मरांगपोंगा के पास कल हुए आइइडी ब्लास्ट में जख्मी सीआरपीएफ के सब इंस्पेक्टर सुनील कुमार मंडल शहीद हो गए। इस घटना में सब इंस्पेक्टर मंडल के अलावा हेड कांस्टेबल पार्थ प्रीतम डे भी घायल हुए हैं जिनकी हालत गंभीर बनी हुई है। दोनों को गंभीर अवस्था में इलाज के लिए हेलीकॉप्टर से रांची भेजा गया था। उल्लेखनीय है कि सर्च ऑपरेशन के दौरान आईईडी के ब्लास्ट होने से यह हादसा हुआ।

इधर, राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सीआरपीएफ जवान सुनील कुमार मंडल के इलाज के दौरान निधन पर गहरा दुख जताया है। वहीं घायल जवान के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि परिसीमन को सिर्फ जनसंख्या के आधार पर सीमित करना निष्पक्ष और न्यायसंगत नहीं हो सकता है। विधानसभा परिसर में बात करते हुए श्री सोरेन ने कहा कि पहले भी परिसीमन को लेकर प्रयास किया गया लेकिन आदिवासियों के लिए आरक्षित सीटें घटने के कारण हंगामा के बाद स्थगित करना पड़ा।

********************

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में शनिवार को नल जल योजना को लेकर कांग्रेस विधायकों ने पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद को विभागीय आंकड़ों में गड़बड़ी की जानकारी दी, जिससे सदन में हंगामे की स्थिति बन गयी। इसके बाद पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद नेयोजना में गड़बड़ी की शिकायत पर जांच कराने का भरोसा दिया।

गौरतलब है कि कोलेबिरा से कांग्रेस विधायक नमन विक्सल कोंगाडी, विधायक राजेश कच्छप और सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने अपने अपने विधानसभा क्षेत्र में नल जल योजना का लाभ नहीं मिलने की बात कही।

********************

दुमका के उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने ई–विद्या वाहिनी पोर्टल पर उपस्थिति नहीं बनाने वाले शिक्षकों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। समीक्षा बैठक में यह तथ्य सामने आया कि जिले के चौदह प्रतिशत शिक्षक ई–विद्या वाहिनी पर अपनी उपस्थिति नहीं बना रहे हैं। ई–विद्या वाहिनी पर बच्चों की उपस्थिति बनाने की दर और भी खराब है। उपायुक्त ने इस पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते

हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक को सबसे कम उपस्थिति वाले शिक्षकों को चिह्नित कर उन्हें स्पष्टीकरण करने और दोषी पाए जाने पर निलंबित करने का निदेश दिया।

********************

आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने राज्य के सभी उपायुक्तों से अतिवृष्टि, ओलावृष्टि और वज्रपात से हुई क्षति की अधियाचना दो दिनों के भीतर भेजने का निर्देश दिया है, ताकि प्रभावित परिवारों को अनुग्रह अनुदान जल्द उपलब्ध कराया जा सके। मंत्री ने कहा है कि सभी उपायुक्तों को राहत कार्यों में तेजी लाने और क्षति का भौतिक एवं आर्थिक आकलन शीघ्र पूरा करने को कहा गया है। मंत्री ने कहा कि प्रभावितों को मुआवजा शीघ्र उपलब्ध कराया जाएगा।

********************

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम से आच्छादित लाभुकों को जागरुक एवं शत प्रतिशत लाभुकों का ई–केवाईसी को लेकर जामताड़ा जिले में जागरूकता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है।

********************

चक्रधरपुर मंडल में विकास कार्य को लेकर ब्लॉक के कारण तीन ट्रेनें रद्द रहेंगी। टाटानगर–बरकाकाना–टाटानगर पैसेंजर ट्रेन 24 और 25 मार्च को रद्द रहेगी। वहीं हटिया–टाटानगर मेमू ट्रेन आज और कल रद्द रहेगी। इसके अलावा टाटानगर–हटिया मेमू ट्रेन 24 और 25 मार्च को रद्द रहेगी। यह जानकारी रेलवे ने शनिवार को दी है।

********************

संक्षिप्त खबरें

- धनबाद जिले में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के अन्तर्गत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ी जाति के लाभुकों को चिकित्सा अनुदान उपलब्ध कराने के लिए जिला स्तरीय समिति ने कुल 143 प्रस्तावों पर स्वीकृति प्रदान की।
- सरायकेला खरसावां से राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद के लिए 10 युवक–युवतियों का चयन किया गया है।
- हजारीबाग पुलिस ने जिले के उरीमारी थाना क्षेत्र अंतर्गत कार्तिक माइनिंग कंपनी में फायरिंग और वाहनों को क्षति पहुंचाये जाने के मामले में पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है।
- दुमका जिले के दर्जनों गांवों में बच्चा चोरों के आने की अफवाह तेजी से फैली है। दुमका एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने लोगों से अपील की है कि वे ऐसी अफवाहों पर ध्यान न दें। ऐसा कहीं कोई मामला नहीं है।

********************

मौसम विभाग ने आज भी राज्य के कई भागों में गरज के साथ बारिश का अनुमान जताया है। विभाग के अनुसार कल से मौसम साफ होगा। वहीं अगले तीन से चार दिनों में 4 से 6 डिग्री सेल्सियस तक तापमान में वृद्धि की संभावना है।

********************

और अब खबरें खेल जगत से

रांची के जेएससीए स्टेडियम में 30 नवंबर को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेला जायेगा। बीसीसीआई ने नवंबर में होने वाले दक्षिण अफ्रीका के भारत दौरे का शेड्यूल जारी कर यह जानकारी दी।

2024–2025 राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग के चौथे दिन कल रांची में ओड़िशा, हरियाणा और मिजोरम ने अपने–अपने मुकाबलों में जीत हासिल की।

वहीं कोलकाता में इंडियन प्रीमियर लीग क्रिकेट के पहले मैच में रॉयल चैंलेंजर्स बेंगलुरु ने कल रात कोलकाता नाइट राइडर्स को 7 विकेट से हरा दिया। आज हैदराबाद में सनराइजर्स हैदराबाद का सामना राजस्थान रॉयल्स से होगा जबकि चेन्नई में दूसरा मुकाबला मुंबई इंडियन्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच खेला जाएगा।

<u>*********************</u>

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां—</u>

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने रांची बंद की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। इसके अलावा...

प्रभात खबर ने झारखंड आंदोलनकारी के आश्रितों को ही नौकरी और आरक्षण देने के सरकार के फैसले की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने लिखा है— जज यशवंत वर्मा की जांच करेगी सुप्रीम कोर्ट की समिति।

दैनिक भास्कर ने 24 और 25 मार्च को बैंकों में हड़ताल टलने की खबर को पहले पेज पर जगह दी है।

दैनिक जागरण की सुर्खी है— केंद्रीय अनुदान में भेदभाव पर जारी होगी रिपोर्ट। वहीं अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया ने मंत्री चमरा लिंडा के हवाले से लिखा है— एक माह के भीतर अनुसूचित जाति आयोग का होगा गठन।

<u>**********समाप्त***********</u>